कार्यालय प्राचार्य, किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़

(अग्रणी महाविद्यालय)

फोन/फैक्स न.–07762–222966, E-mail-kgcraigarh1958@gmail.com Website:www.kgcollegeraigarh.ac.in

रायगढ़, दिनांक – 15.09.2021

प्रवेश की अंतिम तिथि
महत्वपूर्ण सूचना

महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के स्नातक स्तर की प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश के आवेदकों को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 17.09.2021 को प्रवेश की अंतिम तिथि मानते हुये स्नातक प्रथम वर्ष की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित की जावेगी, जिसके अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों के रिक्त स्थानों पर प्रवेश, मार्गदर्शिका के नियमानुसार उक्त तिथि एवं समय पर उपस्थित आवेदकों में से दिया जा सकेगा।

अतः विभिन्न कक्षाओं के आवेदक 17.09.2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से 2.00 बजे के मध्य अपने ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र (टी.सी./सी.सी./माइग्रेशन को छोड़कर किन्तु अन्य दस्तावेज यथा 10 वी., 12वी. की अंकसूची, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रतियों सहित) संबंधित प्रवेश समिति के पास जमा करें। उक्त प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर ही अपरान्ह 3.00 बजे से नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। अतः 3.00 बजे से इच्छुक आवेदक अपनी मूल टी.सी./सी.सी./माइग्रेशन के साथ उपस्थित रहें, ताकि प्रवेश पात्रता प्राप्त होते ही मूल प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत कर प्रवेश शुल्क जमा करने की अनुमति प्राप्त कर सकें।

प्रवेश शुल्क जमा करने की प्राप्त अनुमतिनुसार ऑनलाइन शुल्क जमा कर, जमा रसीद अविलम्ब प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

प्राचार्य
किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान
महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)